दिनांकः 06.04.2026 समय: 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-वैश्विक अनिश्चितता के बीच सात दशमलव आठ प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि भारत की आर्थिक शक्ति को दर्शाती है।
- जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आज मध्यम से तेज बारिश की संभावना।
- महिला क्रिकेट टी-20 एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को दी करारी शिकस्त दी।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने तथा लेखा, वित्त, कानून और परामर्श से जुड़ी वैश्विक स्तर की संस्थाओं के निर्माण करने की अपील की है। कल दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भी देश की तिमाही वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत रही है, जो भारत की आर्थिक क्षमता को दर्शाता है।

000

प्रधानमंत्री ने कहा कि अप्रैल से जून के बीच बिजली उत्पादन में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय मिलकर भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस अवसर पर कहा कि आज भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में कौशल रूप से सक्षम लोगों की आवश्यकता है और यह युवाओं के लिए एक अवसर है।

000

जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में, बताया कि सर्वोच्च न्यायालय न्यायिक मंडल की सिफारिश के बाद, आठ उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। इनमें पटना, कोलकाता, छत्तीसगढ़, बॉम्बे, मध्य प्रदेश, पंजाब-हरियाणा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस संबंध में कल नियुक्ति वारंट जारी किये। इसके बाद केन्द्र सरकार ने उनकी नियुक्ति अधिसूचना जारी की।

000

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कानून, न्याय और विधिक शिक्षा पर मासिक व्याख्यान श्रृंखला शुरू करने का ऐलान किया। इस घोषणा के अनुसार में कानून, न्याय और समाज से जुड़े समकालीन मुद्दों इस श्रृखंला के जरिये विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

"हर माह एक महत्वपूर्ण विचार" पर आधारित यह व्याख्यान श्रृंखला न्यायाधीशों, विधि विशेषज्ञों और संगठनों तथा शिक्षाविदों को एक मंच पर लाएगी। मुख्य न्यायाधीश के मार्गदर्शन में इस श्रृंखला के विषय और प्रारूप तय किये जाएंगे।

000

प्रदेश में अब तक 73 हजार 184 वाई-सीएलजी सदस्य पुलिस से जुड़े चुके हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कल प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों और वाई-सीएलजी सदस्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद के दौरान ये जानकारी साझा की। उन्होंने प्रदेश में महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे की रोकथाम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि वाई-सीएलजी पुलिस और आमजन के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में काम कर सकती है। सदस्यों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पुलिस के साथ समन्वय करना चाहिए। पुलिस अधिकारियों को भी वाई-सीएलजी सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उन्हें अपराध रोकथाम तथा जनसुरक्षा के कार्यों में भागीदार बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी दलों के प्रत्याशी दम खम के साथ प्रचार में जुटे हैं। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य विभिन्न राजनीतिक दल तथा निर्दलीय उम्मीदवार घर-घर जाकर जनसम्पर्क साध रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बीकानेर, अजमेर और जोधपुर में रोड़ शो का कार्यक्रम है। वे भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसमर्थन जुटाएंगे। मुख्यमंत्री पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने 9 और 11 सितम्बर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने कल अजमेर में जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में चुनाव सम्पन्न कराने को कहा।

इस बीच, चुनाव के महायज्ञ में ज्यादा से ज्यादा मतदान की आहुति देने के लिए नागरिकों को जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व समझाया जा रहा है।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पिछले दो-तीन दिनों से चल रहा बारिश का दौर कुछ धीमा पड़ गया है। हालांकि कल राजधानी  जयपुर, अजमेर, टोंक, सवाईमाधोपुर, दौसा, प्रतापगढ़, करौली, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़  सहित करीब 25 शहरों में बारिश हुई। इससे कई बांधों और जलाशयों में पानी की आवक बढ़ गई है। टोंक के बीसलपुर बांध में 3 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। बांध का जलस्तर बढ़कर 314 आरएल मीटर से अधिक दर्ज किया गया। सवाईमाधोपुर में हुई बारिश के बाद मानसरोवर बांध पर चादर चल रही है। साथ ही छोटे-बड़े अन्य तालाब और बांधों का जल स्तर भी बढ़ गया है। अलवर और दौसा में हुई तेज बरसात से कई इलाकों में पानी भर गया और यातायात बाधित हुआ। सवाईमाधोपुर, झालावाड़ और करौली जिलों में तेज बारिश की चेतावनी के कारण स्कूलों में अवकाश रहा।

मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के पूर्वी और पूर्वी-उत्तरी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम से तेज वर्षा तथा कोटा, अजमेर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कल से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। हालांकि, भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

000

राजस्थान हाईकोर्ट ने पाली के जवाई क्षेत्र में तेंदुओं के आवास, गुफाओं, प्रजनन स्थलों और वन्यजीव कॉरिडोर के आसपास नए व्यावसायिक निर्माण पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने तेंदुओं के रहने की आसपास के एक किलोमीटर के दायरे को लेपर्ड हैबिटेट कंस्ट्रक्शन-कंट्रोल जोन घोषित किया है। संवाददाता ने बताया कि वन्यजीव आवाजाही को सुरक्षित रखने के लिए पहाड़ियों के खनन कार्यों और नई पर्यटन गतिविधियों पर भी रोक है।

000

उधर, रणथंभौर बाघ परियोजना की फलोदी रेंज के दूमोदा और कैलाशपुरी गांव में वन विभाग की टीम ने तेंदुए को सुरक्षित पकड़ लिया है। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में इस तेंदुए का मूवमेंट देखा जा रहा था।

000

महिला क्रिकेट टी-20 एशिया कप के ग्रुप-ए मैच में भारत ने पाकिस्तान को हरा दिया। दुबई में खेले गये इस मैच में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर और 1 गेंद में महज 55 रन बनाकर आउट हो गई। भारत ने 8 ओवर 4 गेंद में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ओर से स्पिनर श्रीचरणी और प्रेमा रावत ने तीन-तीन, जबकि दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। यह मैच हरमनप्रीत का बतौर कप्तान डेढ़ सौवां टी-20 मैच था। वे पुरुष या महिला क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली कप्तान हैं।

000